उत्तर प्रदेश में शाहगंज से भटनी के बीच छोटी लाइन का बड़ी लाइन में बदला जाना

950. **श्री राम नरेश यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में शाहगंज से भटनी के बीच छोटी लाइन के बड़ी लाइन में न बदले जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या सरकार पूर्वी क्षेत्र को राहत प्रदान करने के लिये कोई कदम उठाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) और (ख) शाहगंज–मऊ मीटर लाइन खंड का बड़ी लाइन में बदलने के लिए किये गये सर्वेक्षण से पता चला है कि यह परियोजना वित्तीय दृष्टि से अर्थक्षम नहीं थी । इसलिए, इसे शुरू करने का प्रस्ताव नहीं है ।

तथापि, मऊ और भटनी के बीच मौजदा मीटर लाइन खंड को वाराणसी और भटनी के बीच स्वीकृत आमान परिवर्तन परियोजना के भाग के रूप में बड़ी लाइन में बदला जा रहा है । मौजूदा संसाधनों की तंगी को देखते हुए परिचालनिक अपेक्षाओं के आधार पर औचित्यपूर्ण होने के सिवाय इस क्षेत्र में और अधिक आमान परिवर्तन परियोजनाओं को शुरू करना व्यावहारिक नहीं होगा ।

प्रारंभिक शिक्षा का सार्वजनिक बनाया जाना

951. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान वर्ष 1989 तक 6 से 14 वर्ष के आयु–वर्ग के समस्त बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनिक बनाए जाने का कार्य पूरा हो पाएगा ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा कब तक इस लक्ष्य की पूर्ति कर दिए जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० शाही) : (क) से (ग) जी, नहीं । राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में यथा निर्धारित 6–14 आयु वर्ग में सभी बच्चों के लिए शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने का लक्ष्य वर्ष 1995 है और सरकार इस लक्ष्य को 1995 तक प्राप्त कर लेगी ।

. . . . Air Pollution by D.T.C. Buses

952. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that despite various claims to the contrary, D.T.C. buses continue to emit heavy stream of smoke, adding considerably to the air pollution; and

(b) what is the number of buses that were condemned and taken off the road during each of the last three years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) As a result of various measures, DTC has been able to reduce but not completely eliminate the pollution caused by buses.

(b) Number of buses condemned and taken off road, during each of the last three years is as under:—

	Number of buses
1985-86	23
1986-87	159
1987-88	129